प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 17.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को किया रवाना, कहा– देशभर में इस आधुनिक ट्रेन का होगा विस्तार।
2. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में रक्षा संपदा उप–कार्यालय का किया उद्‌घाटन, कहा– अब स्थानीय स्तर पर होगा सेना की जमीन सहित अन्य समस्याओं का समाधान।
3. जेपीएससी वन क्षेत्र पदाधिकारी के लिए मुख्य लिखित परीक्षा रांची में 22 जनवरी से होगी शुरू, आयोग की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं अभ्यर्थी।
4. बिहार में औद्योगिक निवेश को लेकर बियाडा की टीम ने झारखंड चैंबर के पदाधिकारियों से की मुलाकात, बिहार में उद्योगपतियों के लिए सुविधाओं की दी जानकारी।

और

5. सीनियर फेडरेशन कप राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए रांची में राज्य स्तरीय कुश्ती चयन ट्रायल का हुआ आयोजन, छियासी खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत में संपर्क सुदृढ़ करने तथा विकास को गति देने के उद्देश्य से तीन हजार दो सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई रेल और बुनियादी सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ किया। पश्चिम बंगाल के मालदा में सभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उन्हें मालदा से भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि संपर्क को बढ़ावा देने के लिए कई अमृत भारत ट्रेन सेवाओं की शुरुआत भी की जाएगी।

श्री मोदी ने कहा कि आज भारतीय रेल आधुनिक के साथ आत्मनिर्भर भी हो रही है।

***************

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची में रक्षा संपदा उप–कार्यालय का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय का यह निर्णय झारखंड के लिए महत्वपूर्ण और दूरदर्शी है। इससे सेना की जमीन से संबंधित मामलों का निपटारा तेजी से और सुचारू रूप से हो सकेगा। भारतीय सेना के जवानों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि सैनिक न केवल देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं बल्कि राष्ट्रप्रथम की भावना को दर्शाते हुए आपदाओं के दौरान लोगों की मदद भी करते हैं।

***************

भारत सरकार के गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस (जेम) द्वारा 19 जनवरी को रांची में सुबह 9.30 बजे से एक दिवसीय 'जेम एक्सिलेंस इवेंट' का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड में सार्वजनिक खरीद–बिक्री को अधिक पारदर्शी, दक्ष और प्रभावी बनाना तथा खरीदारों और विक्रेताओं को जेम की नई डिजिटल सुविधाओं की जानकारी देना है। इस इवेंट में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल, जेम के सीईओ मिहिर कुमार सहित राज्य सरकार के अधिकारी भाग लेंगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों और विक्रेताओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान

वस्तुओं, सेवाओं और मैनपावर हायरिंग से जुड़ी खरीद प्रक्रिया पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल विश्व आर्थिक मंच की बैठक में शामिल होने के लिए कल स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख से दावोस के लिए रवाना होगा। यह दौरा 18 से 24 जनवरी तक चलेगा, जहां झारखंड का ऊर्जा परिवर्तन मॉडल पेश किया जाएगा।

***************

झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी ने वन क्षेत्र पदाधिकारी मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा 2024 से संबंधित सूचना जारी कर दी है। यह परीक्षा 22 से 24 जनवरी तक रांची जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का निर्देश दिया गया है। प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जाएंगे।

***************

बिहार में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं को तलाशने के लिए बिहार इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी– बियाडा की टीम ने आज रांची में फेडरेशन आफ झारखंड चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मौके पर बियाडा गया क्लस्टर के डीजीएम धनंजय कुमार ने व्यवसायियों को दी जानेवाली सुविधाओं की जानकारी दी।

***************

खूंटी के पहड़ा राजा सोमा मुंडा की हत्या के विरोध में आदिवासी संगठनों द्वारा बुलाए गए झारखंड बंद का असर आज राजधानी रांची में दिखा, जहां अल्बर्ट एक्का चौक, करमटोली चौक और पिठौरिया सहित कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित रहा। केंद्रीय सरना समिति के प्रदर्शनकारियों ने आरोपितों को फांसी देने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करते हुए सड़कों पर प्रदर्शन किया। बंद के कारण कई इलाकों में दुकानें बंद रहीं, यातायात बाधित हुआ और पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त बल तैनात किया।

***************

पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताय़ कि वर्ष 2023–24 की तुलना में 2025 में सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना में होने वाली मौतों की संख्या में कमी आई है। उन्होंने कहा लोगों से यातायात नियम पालन करने की अपील की।

***************

हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के नाम से फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल बनाकर अधिकारियों और आम नागरिकों से अवैध रूप से पैसे की मांग की जा रही है। उपायुक्त ने लोगों को सतर्क करते हुए बताया है कि मोबाइल नंबर +84564952162 और +84823486196 पूरी तरह से फर्जी है, जिससे पैसे की मांग की जा रही है।

***************

देश के कई शहरों राजकोट, मुंबई, पुणे, बेंगलुरू के व्यापारियों से साइबर फ्रॉड के माध्यम लगभग दो करोड़ रुपये की ठगी के मामले में रामगढ़ जिले की पुलिस ने साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि अपराधी के पास से 4 लाख 43 हज़ार रुपये नगद के साथ छह फोन और एख मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

***************

धनबाद के राजगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियारों के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गयी।

***************

सीनियर फेडरेशन कप महिला एवं पुरुष राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर आज रांची में राज्य स्तरीय कुश्ती चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न जिले से आए 86 कुश्ती खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।'

********समाप्त*********